पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने भेंट कर जन्माष्टमी की बधाई दी

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री 9 सितम्बर को कुष्ठ पीड़ितों हेतु आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे

लखनऊः 5 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव ने भेंट की तथा जन्माष्टमी की बधाई दी। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने 9 सितम्बर को बहराईच में आयोजित होने वाली कार्यशाला 'कुष्ठ पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन एवं कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी' पर विचार-विमर्श भी किया। ज्ञातव्य है कि बहराईच में 9 सितम्बर को आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में राज्यपाल मुख्य अतिथि होंगे जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव करेंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ मंत्री श्री अहमद हसन एवं ऊर्जा राज्य मंत्री श्री यासर शाह विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला का आयोजन राज्य सरकार, अन्तर्राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण संघ, हैल्थ एलायन्स एवं एसोसिएशन आॅफ पर्सन्स अफ्फेक्टेड बाय लेप्रोसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। कार्यशाला में कुष्ठ पीड़ितों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिये प्रशिक्षण, उनके कल्याण से जुड़े अन्य विषयों तथा समाज की भागीदारी पर भी गहनता से विचार-विमर्श किया जायेगा, जिससे उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

श्री नाईक से मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने बताया कि कुष्ठ पीड़ितों को 1 अप्रैल, 2015 से रूपये 2,500 प्रतिमाह निर्वहन भत्ता दिया जायेगा जिसके लिए अनुपूरक बजट में प्राविधान कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कुष्ठ पीड़ितों के लिए उत्तर प्रदेश में अब तक लखनऊ एवं अम्बेडकर नगर में दिनांक 27 मई, 2015 तथा 8 जुलाई, 2015 को दो दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है।